भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3402**

दिनांक 16 मार्च, 2021 को उत्तरार्थ

**राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान**

3402. श्री कुनार हेम्ब्रम:

क्या **पंचायती राज** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य की प्रत्येक पंचायत को कंप्यूटर और उसके सहायक उपकरण प्रदान किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का झाड़ग्राम जिले की ग्राम पंचायतों को भी कंप्यूटर और सहायक उपकरण प्रदान करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो उक्त योजना के अंतर्गत झाड़ग्राम जिले की ग्राम पंचायतों के लिए ग्राम अनुमोदित कंप्यूटर और सहायक उपकरण का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज मंत्री
(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)

(क) और (ख) पंचायत, स्थानीय सरकार होने के कारण भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची का भाग है। राज्य का विषय होने के फलस्वरूप यह राज्य का उत्तरदायित्व है। राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों से कम्प्यूटर एवं इससे जुड़ी सहायक उपकरण इत्यादि जैसी अवसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए विभिन्न स्त्रोतों से निधि जुटाने की उम्मीद है। पंचायती राज मंत्रालय इस संबंध में अपनी स्कीमों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों के प्रयासों को बढ़ावा देता है। उपलब्ध सूचना के अनुसार, पश्चिम बंगाल में प्रत्येक पंचायत के पास कम्प्यूटर एवं सहायक उपकरण उपलब्ध हैं।

(ग) और (घ) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, झाड़ग्राम जिले में ग्राम पंचायतों में कम्प्यूटर प्रदान करने हेतु ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

****